आपातकालीन गर्भनिरोधक गोलियां

आपातकालीन गर्भनिरोधक गोलियां महिला को असुरक्षित यौन सम्बन्ध हो जाने के बाद अनचाहे गर्भ से बचने में मदद करती हैं।

कब लेनी है

- असुरक्षित यौन सम्बन्ध बनाने के बाद जितनी जल्दी ली जाए उतनी प्रभावी है।
- असुरक्षित यौन सम्बन्ध बनाने के बाद 3 दिनों (72 घण्टों) के अन्दर लेने से अनचाहे गर्भ से सुरक्षा देती है।
- यदि महिला को गोली लेने के दो घण्टों के भीतर उल्टी हो जाये तो स्वास्थ्य प्रदाता से परामर्श करें।
- यदि यौन उत्पीड़न एवं बलात्कार हुआ हो।
- यदि समयानुसार 3 या 3 से अधिक कोई भी गर्भनिरोधक गोली लेना भूल जाए।

फायदे

- आपातकालीन गर्भनिरोधक गोलियां उन सभी महिलाओं के लिए लाभदायक है जो संयुक्त हार्मोनल गर्भनिरोधक तरीकों का इस्तेमाल नही ंकर सकती।
- ई.सी. पिल महिलाओं को नियमित रूप से गर्भनिरोधक तरीकों के इस्तेमाल शुरू करने का अवसर प्रदान करती है।
- ई.सी. पिल किसी भी मौजूदा गर्भावस्था को नुकसान नहीं पहुँचाती है।

दुष्प्रभाव

- माहवारी में बदलाव– एक दो दिन तक धब्बे आना एवं माहवारी का पहले या देर से शुरू होना।
- उल्टी आना।
- पेट दर्द।
- थकान।
- सिर दर्द।
- स्तनों मे कड़ापन।
- चक्कर आना।

यह कहां उपलब्ध है

- सभी सरकारी अस्पतालों में मुफ्त में उपलब्ध है।
- आशा बहनों के पास।
- किसी भी दवाई की दुकान पर।

सूचना

- ई.सी. पिल लगातार इस्तेमाल किये जाने वाले गर्भनिरोधक साधनों का विकल्प नहीं है।
- यह एक आपातकालीन गर्भनिरोधक गोली है।